# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**

**6** ए**,** दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

दिनांक: 14 नवंबर 2023, मंगलवार

**<u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा मध्य प्रदेश के देवतालाब विधानसभा एवं जबलपुर पश्चिम विधानसभा में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>**

भाजपा को जनता से मिल रहे अपार स्नेह एवं समर्थन से स्पष्ट है कि भाजपा मध्य प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है।

***********

एक ओर परिवारवाद**,** भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस सरकार है**,** और दूसरी ओर देश को सुरक्षित**,** समृद्ध और देश का सम्मान बढ़ाने वाली भाजपा है।

***********

मध्य प्रदेश में कांग्रेस तीन परिवारों से शासन करना चाहती है।

***********

कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाया**,** भाजपा ने बेमिसाल मध्य प्रदेश बनाया और अगले **5** साल में बेस्ट मध्य प्रदेश बनाएंगे।

***********

आपका एक-एक वोट खुशहाल मध्य प्रदेश और सुरक्षित व समृद्ध देश के लिए है।

***********

मोदी सरकार ने **PFI** पर बैन के साथ-साथ अवैध रोहिंग्याओं का घुसपैठ करवाने वाली सभी गैंग को जेल भेजने काम किया।

***********

## कांग्रेस की बंटाधार सरकार में मध्य प्रदेश का बजट केवल **23** हजार करोड़ रुपए था जिसे भाजपा की शिवराज सरकार ने बढ़ा कर **3.14** लाख करोड़ रुपए कर दिया है।

***********

## कांग्रेस पार्टी पिछड़े वर्ग की विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने काका साहेब कालेलकर रिपोर्ट को सालों दबा के रखा और मंडल आयोग को भी लागू नहीं किया जबकि मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधानिक मान्यता देने का कार्य किया।

***********

आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश की  देवतालाब विधानसभा और बडा दादा मैदान, जबलपुर (जबलपुर पश्चिम विधानसभा) में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से राज्य में विकास के सतत प्रवाह के लिए डबल इंजन वाली भाजपा सरकार के पुनः गठन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 17 तारीख को मतदान है और लोगों की उपस्थिति देखकर पता चल रहा है कि भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से जीतने जा रही है। जनता न केवल भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर जिताएगी, बल्कि मध्य प्रदेश और देश का भविष्य भी तय करेगी।

श्री शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस तीन परिवारों से शासन करना चाहती है, **एक कमलनाथ और नकुलनाथ, कमलनाथ अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, दूसरा दिग्विजय सिंह बँटाधार और उनके बेटे जयवर्धन सिंह और तीसरा सोनिया जी और राहुल बाबा, सोनिया जी राहुल बाबा को प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। जो पार्टी अपने बेटे लिए राजनीति में हैं वह आपका भला कर सकती है क्या?** उन्होंने हुंकार भरते हुए और विश्वास के साथ कहा कि मध्य प्रदेश और देश का भला केवल और केवल मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। उन्होंने INDI गठबंधन का जिक्र करते हुए सवाल किया कि 10 साल तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, सोनिया-मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, मनमोहन सिंह के 10 साल के शासन में कितने रुपए मध्य प्रदेश को आवंटित किए गए? उन्होंने कहा कि यह बात मैं पिछले 15 दिन से पूछ रहा हूँ लेकिन कमलनाथ इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, वो देंगे भी नहीं। श्री अमित शाह ने कहा कि **10 साल के अंदर कांग्रेस ने सिर्फ 2 लाख करोड़ रुपए मध्य प्रदेश के विकास के लिए आवंटित किए थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 10 साल बनाम 9 साल में 2 लाख से बढ़ा कर इस रकम को 6 लाख 33 हजार करोड़ कर  दिया। इसके साथ सड़क के लिए, औद्योगिक गलियारों के लिए, रेलवे के लिए, एयरपोर्ट के लिए, सोलर पार्क के लिए, स्टार्टउप प्रोजेक्ट्स के लिए अतिरिक्त 5 लाख करोड़ रुपए देने का काम भी नरेंद्र मोदी**

**सरकार ने किया है।** कमलनाथ ने हमेशा मध्य प्रदेश को लूटने और कांग्रेस का एटीएम बनाने के अलावा कोई काम नहीं किया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **नरेंद्र मोदी सरकार ने मध्यप्रदेश के 93 लाख किसानों को हर साल 6000 रुपए देकर अभी तक 21 हजार करोड़ का चेक मध्य प्रदेश के किसानों के खातों में डालने का काम किया है।** उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है, मोदी जी ने गारंटी दी है कि आप कमल फूल की सरकार बना दो और किसानों को मिलने वाला चेक 6000 हजार की जगह 12 हजार का कर दिया जाएगा। **65 लाख गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया, 3 करोड़ 70 लाख गरीबों को आयुष्मान भारत योजन का लाभ पहुंचाया, 5 लाख तक का पूरा इलाज आज नरेंद्र मोदी सरकार निःशुल्क मुहैया करवा रही है।** उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी के घोषणा पत्र में हुमने मोदी गारंटी दी है कि डबल इंजन की कमल फूल की सरकार बना दीजिए और 3 दिसम्बर के बाद 5 लाख तक खर्चे की जगह 10 लाख तक का खर्च निःशुल्क मोदी सरकार वहन करेगी। **80 लाख गरीबों के घर में शौचालय बनाए, 82 लाख उज्ज्वला के गैस कनेक्शन दिए** और फिर से एक मोदी गारंटी है कि सभी उज्ज्वला कनेक्शन के तहत गैस के दाम 450 रुपए कर दिए जाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि **दिग्विजय की सरकार ने मध्य प्रदेश का बँटाधार करने का काम किया और मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया।** श्री अमित शाह ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि जब वह गुजरात से महाकाल के दर्शन करने के लिए जाते थे, तो अहमदाबाद से दाहोद तक की सड़क अच्छी थी, लेकिन दाहोद से जाभुआ तक की सड़क इतनी खराब थी कि गाड़ी गड्ढे में धंस जाती थी। जाभुआ से उज्जैन तक की सड़क भी इतनी खराब थी कि यह पता लगाना मुश्किल था कि गाड़ी सड़क पर है या गड्ढे में। बिजली की भी कोई व्यवस्था नहीं थी, कांग्रेस सरकार ने मध्य प्रदेश को बर्बाद कर दिया था। उन्होंने कहा कि चम्बल में लूट, डकैती और फिरौती जैसी समस्याएं आम थीं, राज्य में सांप्रदायिक दंगे भी होते थे लेकिन **श्री शिवराज सिंह चौहान जी की सरकार ने इन सभी समस्याओं को दूर किया है और मध्य प्रदेश अब एक बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बनाने का काम किया  है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जब कांग्रेस की सरकार मध्य प्रदेश की जनता को छोड़कर गई थी, तब तत्कालीन राज्य का बजट ₹ 23000 करोड़ था। लेकिन भाजपा ने महज बीते 18 वर्षों में बजट को बढ़ाकर 23000 करोड़ से 3 लाख 14 हजार करोड़ करने का कार्य किया है। कांग्रेस शासनकाल में एससी- एसटी और ओबीसी वर्ग कल्याण के लिए ₹ 1000 करोड़ का बजट आवंटित था, वहीं आज भाजपा ने इसे बढ़ाकर ₹ 64 हजार करोड़ कर दिया है। कांग्रेस राज में केवल 620 मेडिकल सीटे हुआ करती थी, भाजपा सरकार ने 620 से 4000 सीटे कर दी है। पहले कांग्रेस के शासनकाल में मध्य प्रदेश में 64 लाख पर्यटक आया करते थे, जिसकी संख्या भाजपा की सरकार में बढ़कर अब 9 करोड़ पर्यटक की हो गई है।** शिवराज जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 18 साल के कार्यकाल में मध्य

प्रदेश को बीमारू राज्य से बेमिसाल राज्य बनाया है और **एक और 5 साल का कार्यकाल मिलने पर बेमिसाल मध्य प्रदेश को सम्पूर्ण देश मे बेस्ट राज्य बनाएंगे।**

श्री शाह ने कहा कि राहुल बाबा को लगता है ओबीसी की बात करने से ज्यादा वोट मिलते इसीलिए उन्हे किसी ने भाषण लिख कर दे दिया है और वह जहां जाते है उसी भाषण को दोहराते रहते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि कांग्रेस पार्टी पिछड़े वर्ग की विरोधी पार्टी है, कांग्रेस ने काका साहेब कालेलकर रिपोर्ट को सालों तब दबा के रखा, मंडल आयोग को लागू नहीं किया, **राजीव गांधी ने मंडल आयोग का विरोध भी किया था और उसी के विपरीत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधानिक मान्यता देने का कार्य किया, नीट परीक्षा में 27% आरक्षण प्रदान किया, केन्द्रीय विध्यालयों में पिछड़े वर्ग के बच्चों को 27% आरक्षण दिया, सैनिक स्कूल में भी 27% आरक्षण दिया और भाजपा ने सबसे ज्यादा 27 पिछड़ा वर्ग के मंत्री बनाकर पिछड़ा वर्ग को 35% सीट प्रदान की है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा कि **70 साल से कांग्रेस पार्टी धारा-370 को लटकाए हुई थी, लेकिन मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा-370 को उखाड़ कर फेंक दिया और हमेशा के लिए कश्मीर को भारत का अटूट हिस्सा बना दिया। उस समय कांग्रेस के राहुल बाबा कहते थे की अगर धारा-370 हटी तो भूचाल आ जाएगा, खून की नदियां बहेंगी। आज धारा-370 को हटे 4 वर्ष बीत चुके है, लेकिन खून की नदियां तो दूर की बात, आज तक किसी ने एक कंकड़ उठाने की भी हिम्मत नहीं की।** जब **सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी तब आए दिन पाकिस्तान से आतंकी घुस जाते थे और बम धमाके करते थे**। तब **मौनी बाबा मनमोहन सिंह मौन धारण किए सब देखते थे उन मौनी बाबा के मुखारविंद से एक शब्द नहीं निकलता था।** परंतु मोदी जी के समय में उरी और पुलवामा हमलें में पाकिस्तान से आए आतंकवादी भूल गए थे की अब सरकार बदल चुकी है। श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ चुकी है। ज्ञात हो कि **10 दिन के भीतर ही पाकिस्तान के घर में घुस कर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवादियों की धज्जियां उड़ाने का काम और देश की सीमाओं को सुरक्षित करने का काम श्री नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। मोदी जी ने तिरंगे को चंद्रयान के साथ चंद्रमा पर भेजने का काम किया, मोदी जी ने नई संसद भवन निर्माण का कार्य किया है। श्री नरेंद्र मोदी जी ने विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33% आरक्षण देकर मातृशक्ति का सम्मान किया है।**

श्री शाह ने राम मंदिर निर्माण मुद्दे पर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि **70 साल से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका, भटका और अटका रही थी, 550 साल से प्रभु श्री राम अपमानित अवस्था में थे,** लेकिन श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार आने के बाद मोदी जी ने अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास करने का कार्य किया है। **जब वे भाजपा के अध्यक्ष थे, तब राहुल बाबा रोज ताने मारते थे की 'मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'। 22 जनवरी 2024 को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है।** मध्य प्रदेश की जनता को इस बार 3 दीपावली मनाना

है, पहली तो 12 तारीख को मनाली, दूसरी 3 दिसंबर को जब भाजपा की सरकार बनेगी तब मनानी है, और तीसरी 22 जनवरी को जब राम लला अयोध्या के मंदिर में विराजमान होंगे तब। उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी कभी भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं कर सकती, भारत के अनेकों सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान भी मोदी जी के कार्यकाल में हुआ। उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण हुआ, काशी विश्वनाथ कॉरिडर का निर्माण हुआ, सोमनाथ मंदिर का स्वर्ण से नवनिर्माण किया जा रहा है और साथ ही बद्रीनाथ और केदारनाथ पुनरुद्धार का कार्य भी प्रगति पर है और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। जनता के पास दो विकल्प है, **एक ओर परिवारवाद, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली कांग्रेस सरकार है, और दूसरी ओर देश को सुरक्षित, समृद्ध और देश का सम्मान बढ़ाने वाली भारतीय जनता पार्टी है।**

*****************